हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शनिवार, 31 मई 2025

तापमान
अधिकतम 38 .4 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

11 गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस पर जिलेभर में ...



12 हरियाणा राज्य बाल संरक्षण आयोग के सदस्यों ने ...



## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-शहजादपुर के पुलिस दल ने आरोपी शुभम उर्फ सूबा को गिरफ्तार किया है। उसे दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। मामले में संलिप्त अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। कालाअंब के सुनील कुमार ने 15 मई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि दुर्गा कॉलोनी में स्थित उसके व अन्य के घर से आरोपी ने सिलेंडर चोरी किए है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### स्नेचिंग के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ में दर्ज मोबाइल स्नेचिंग के मामले में पुलिस ने आरोपी कमल सिंह को गिरफ्तार किया है। झीड़ीवाला गांव के अमित ने 29 मई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि वह अपने दोस्त के साथ झीड़ीवाला रोड पर करियाना स्टोर से सामान लेने के आया था। पीछे से मोटरसाइकिल सवार आरोपियों ने झपटा मारकर उससे उसका मोबाइल छीन लिया। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### धोखाधड़ी में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी से एक बड़ी रकम हड़पने व पासपोर्ट न देने के मामले में आर्थिक अपराध शाखा ने आरोपी राष्ट्र सम्राट को गिरफ्तार किया है। उसे एक दिन के रिमांड पर लिया गया है।

### लूट के तीन नाबालिग आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने समालखा अनाज मंडी में युवक से मारपीट कर मोबाइल व नगदी लूट के तीन नाबालिग आरोपियों को समालखा अनाज मंडी गेट के पास से गिरफ्तार किया। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित सरोहा ने बताया कि उनकी टीम ने वीरवार को गश्त के दौरान सूचना के आधार पर समालखा अनाज मंडी गेट के पास संदिग्ध किस्म के तीन युवकों को हिरासत लिया था।

### जान से मारने की धमकी दो आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने रिफाइनरी डिपो में डीलरों से मारपीट, जान से मारने की धमकी देने व टेंकर से तेल चोरी मामले में वीरवार को और दो आरोपियों को जीटी रोड सेक्टर 18 मोड़ से गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान करनाल के कुताना गांव निवासी रामजुहारी व पिंटू के रूप में हुई।

### कृषि संकल्प अभियान में शिरकत करेंगे चौहान

**पानीपत।** विकसित कृषि संकल्प अभियान -2025 के जिला स्तरीय आयोजन को लेकर प्रशासन व संबंधित विभाग ने तैयारियों को अंतिम रूप प्रदान कर दिया है। कार्यक्रम की सफलता को लेकर आज अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. पंकज ने जिला सचिवालय कार्यालय में कृषि विभाग, मत्स्य, बागवानी, पशुपालन विभाग और कृषि विज्ञान केंद्र ऊझा के अधिकारियों के साथ बैठक की और आवश्यक जिम्मेदारियां सौंपी।

### थानेसर में आज 15 मिनट का ब्लैकआउट

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार राज्य की आपातकालीन तैयारियों और प्रतिक्रिया क्षमताओं को बढ़ाने के लिए 31 मई को जिला कुरुक्षेत्र में ऑपरेशन शील्ड नामक एक प्रमुख राज्यव्यापी नागरिक सुरक्षा अभ्यास आयोजित करने जा रही है। अभ्यास भारत सरकार के गृह मंत्रालय के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य वर्तमान राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं के मद्देनजर हवाई हमलों, ड्रोन हमलों और अन्य युद्धकालीन परिदृश्यों को लेकर किया जाएगा।

## श्याम सिंह राणा ने कादराबाद में नक्षत्रा बायोफ्यूल प्लांट का किया उद्‌घाटन

# इथेनॉल उत्पादन से रोजगार और किसानों को होगा लाभ

- नक्षत्रा बायोफ्यूल प्राइवेट लिमिटेड में पेट्रोल और डीजल में उपयोग होने वाला इथेनॉल तैयार किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री



इंद्री। गांव कादराबाद के पास नक्षत्रा बायोफ्यूल प्राइवेट लिमिटेड का उद्घाटन करते कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ।

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने इंद्री के गांव कादराबाद के निकट 11 एकड़ भूमि पर स्थापित नक्षत्रा बायोफ्यूल प्राइवेट लिमिटेड का उद्घाटन किया। प्रबंध निदेशक सुरेंद्र गोयल, कौशल कुमार अग्रवाल, निदेशक अंकिता अग्रवाल और सरल अग्रवाल ने अपनी टीम के साथ मंत्री का स्वागत किया और उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया। इस अवसर पर कृषि मंत्री ने कंपनी के संचालकों से संयंत्र के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि नक्षत्रा बायोफ्यूल प्राइवेट लिमिटेड में पेट्रोल और डीजल में उपयोग होने वाला इथेनॉल तैयार किया जाएगा। इस सयंत्र की स्थापना से आसपास के गांवों के लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे और किसानों को भी इससे काफी लाभ होगा। उन्होंने कहा कि देश की उन्नति और प्रगति में निजी कंपनियों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। कुछ वस्तुओं के आयात पर देश का धन विदेशों में जाता है, यदि ये वस्तुएं देश में ही बनें तो धन की बचत होगी और अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि औद्योगिक इकाइयों के निर्माण से भारत विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बना है और यदि इसी प्रकार विकास होता रहा तो 2047 से पहले ही भारत एक विकसित राष्ट्र बन जाएगा।

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने किसानों के हित में कई कदम उठाए हैं। हाल ही में, 2025-26 खरीफ सीजन के लिए धान, ज्वार, बाजरा, रागी, मक्का, अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, सूरजमुखी, सोयाबीन, तिल और कपास के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि करके किसानों को बड़ी राहत दी है। उन्होंने कृषि में रासायनिक खादों के अधिक प्रयोग से होने वाले नुकसानों पर प्रकाश डाला और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जमीन की सेहत ठीक होगी तो मनुष्य की सेहत भी ठीक रहेगी। रासायनिक खादों और कीटनाशकों के प्रयोग से मिट्टी की उर्वरा शक्ति कम हो रही है और जल, वायु और मृदा प्रदूषण बढ़ रहा है। इसलिए, प्राकृतिक खेती को अपनाना आवश्यक है। प्राकृतिक खेती से मिट्टी में जीवाणुओं की वृद्धि होती है और कम लागत में अधिक पैदावार होती है। इस मौके पर कंपनी के ओर से शिव शंकर रैड्डी सहित काफी संख्या मे क्षेत्र के किसान मौजूद रहें।

## स्कूल शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली समझ से परे

**अंबाला।** हरियाणा स्कूल शिक्षा विभाग ने पत्र जारी कर जून की छुट्टियों में 2 से 8 जून तक सभी स्कूलों में भाषा कैंप लगाने के निर्देश दिए है अभी इन दिनों जब तापमान 40 से 50 डिग्री तक जा चुका है। आगामी दिनों में ये तापमान 50 डिग्री से ऊपर जा सकता है तो कैंप के तुगलकी फरमान जारी करना समझ से परे है।वैसे भी शिक्षा विभाग को वेकेशन डिपार्टमेंट के तहत माना जाता है। इस विभाग पर नॉन वेकेशन डिपार्टमेंट के नियम लागू नहीं हो सकते। राजकीय अध्यापक संघ-70 जिला प्रधान रमेश कुमार और जिला महासचिव पुष्पिंदर धारीवाल ने कहा कि अध्यापक संघ विभाग के इस फैसले का पुरजोर विरोध करता है। स्कूल शिक्षा विभाग इस पत्र को तुरंत प्रभाव से वापिस ले।साथ ही उन्होंने कहा कि हरियाणा स्कूल शिक्षा विभाग में अभी टीजीटी से पीजीटी प्रमोशन जिसमें इतिहास,राजनीति शास्त्र,भूगोल सहित अन्य विषयों की लगभग 3500 पदों की प्रमोशन लिस्ट निदेशालय स्तर पर पेंडिंग है।

## दो पक्षों का जमीन पर कब्जे का प्रयास, थाने में किसी ने नहीं दी शिकायत

# नप की 5 एकड़ जमीन पर लगा बोर्ड उखाड़ा विज ने एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए

- इस मामले में अब एफआईआर से पता चलेगा कि यह बोर्ड किसने हटाया
- विज ने गुरुवार को विकास कार्यों को लेकर रेस्ट हाउस में नगर परिषद अधिकारियों की बैठक ली थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला छावनी में बर्फखाना की कीमती जमीन पर लगे नगर परिषद (एनपी) के बोर्ड के गायब होने के मामले में अब मंत्री अनिल विज ने एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। मंत्री अनिल विज ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए खुद यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि बर्फखाना रोड पर एक कीमती जमीन को लेकर नगर परिषद ने दो बोर्ड लगाए थे जिसमें इस जमीन को सरकारी जमीन बताया गया था। लेकिन हैरानी की बात यह है कि यहां से एक बोर्ड रातों-रात गायब हो गया। उन्होंने कहा कि इस मामले में अब एफआईआर से पता चलेगा कि यह बोर्ड किसने हटाया है। विज ने बताया कि वीरवार को उन्होंने विकास कार्यों को लेकर रेस्ट हाउस में नगर परिषद अधिकारियों की बैठक ली थी। बैठक में एसडीएम को एफआईआर दर्ज करने के लिए कहा गया है। एफआईआर दर्ज होने के बाद जांच की जाएगी कि यह बोर्ड किसने हटाया है। हालांकि इस जमीन के दूसरी तरफ बोर्ड लगा हुआ है लेकिन बैंक रोड की तरफ बर्फखाना की जमीन पर लगे बोर्ड के हटने की बात सामने आई है। फिलहाल इस मामले की जांच चल रही है। बता दें कि बर्फखाना की करीब पांच एकड़ जमीन पर की अढाई-अढाई एकड़ की दो रजिसट्रियां हैं। बताया जाता है कि इस जमीन को लेकर सौ करोड़ रुपये का सौदा हुआ है। हालांकि यह अभी चर्चाओं में हैं जबकि इन चर्चाओं के बीच यह कीमती जमीन विवादों में आ चुकी है। मामला उस समय सुर्खियों में आया जब इस जमीन पर जेसीबी चलाकर सफाई करने की कोशिश की। एक पक्ष द्वारा इसका विरोध करने पर मामला अंबाला कैंट थाना पहुंचा। यहां दोनों पक्षों ने अपनी बात तो रखी लेकिन एक दूसरे के खिलाफ शिकायत नहीं दी थी। इसके बाद नगर परिषद की टीम ने मौके पर पहुंचकर 14 मई को यहां बोर्ड लगा दिया था। इसमें बताया गया था कि यह जमीन सरकार की है। इस जमीन की खरीद फरोख्त नहीं हो सकती। न ही इस पर प्लाटिंग हो सकती है। इस जमीन पर कई लोगों के रिहायशी मकान थे। इन सभी को खाली करवाने की प्रक्रिया करीब तीन साल से चल रही है। इन सभी को सेटलमेंट के साथ मकान खाली करवाए गए। इसी तरह कुछ प्रोपर्टी को कोर्ट केस के माध्यम से भी खाली कराया गया है। हालांकि अभी भी काफी कमर्शियल गतिविधियां यहां चल रही हैं।



## असंध में अवैध कॉलोनी पर चला डीटीपी का पीला पंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

- जिला नगर योजनाकार ने लोगों से अपील की है कि अवैध कालोनियों में अपनी गाढ़ी कमाई का पैसा मत लगाएं

जिला नगर योजनाकार सतीश कुमार ने बताया कि असन्ध में एक अवैध कालोनियों के विरूद्ध तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई। यह अवैध कॉलोनी लगभग 3 एकड़ में असन्ध बाई पास पर बस स्टैण्ड के पीछे गीता कॉलोनी के साथ स्थित है। जिसमें 1 निर्माणाधीन मकान, 8 डीपीसी,सीवर नेटवर्क व सभी कच्ची सड़कों के विरूद्ध तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान जिला नगर योजनकार, करनाल व ड्यूटी मजिस्ट्रेट व थाना असन्ध, जिला की पुलिस फोर्स मौके पर उपस्थित रही। जिला नगर योजनाकार, करनाल ने लोगो से अपील कि की कोई भी व्यक्ति अवैध कालौनी में कोई निर्माण नहीं करें अन्यथा कार्यालय द्वारा तोड़फोड की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अवैध कॉलोनियों व अवैध निर्माणों के विरुद्ध किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएगी व तोड़फोड़ की कार्रवाई जारी रहेगी तथा दोषियों के विरुद्ध मुकदमे दर्ज करवाये जाएंगे।



तरावड़ी। नगर पालिका के कर्मचारी अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी देते हुए।

## अतिक्रमण को लेकर नपा ने दी कड़ी चेतावनी

- करनाली गेट, मेन बाजार, काटजू नगर तरावड़ी में योगा शेड वाला एरिया, शहीद भगत सिंह मार्केट, वार्ड 6 व 7 के डिस्पोजल पॉइंट तक अभियान चलाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

सचिव नगर पालिका तरावड़ी के आदेशानुसार शहर तरावड़ी में लगातार अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है। शहर में जिन जगहों पर या जिन सडक़ों पर अतिक्रमण की समस्या पनप रही है वहां पर जाकर नगर पालिका के मोटीवेटर राजवंती और परविंदर सिंह लाउडस्पीकर की सहायता से लोगों को जागरुक कर रहे है और साथ में अतिक्रमण के प्रति सख्त हिदायतों से भी अवगत करा रहे हैं। नगर पालिका के मोटीवेटरों द्वारा चेतावनी दी गई कि शहर में जिन लोगों ने अतिक्रमण की समस्या को बढ़ा रखा है वे तीन दिनों के अंदर अपने सामान को व्यवस्थित तरीके से अपनी दुकान या अपने घर में रखने का प्रबंध कर ले अन्यथा तीन दिनों की समय अवधि के बाद नगर पालिका तरावड़ी की तरफ से अतिक्रमण करने वालों का चालान किया जाएगा और साथ में उनका सामान नगर पालिका द्वारा जप्त कर लिया जाएगा। पिछले दिनों यह अभियान करनाली गेट, मेंन बाजार, काटजू नगर तरावड़ी में योगा शेड वाला एरिया, शहीद भगत सिंह मार्केट, वार्ड नंबर 6 व 7 के डिस्पोजल पॉइंट से लेकर फ्लाईओवर तक यह अभियान चलाया गया ।





## डॉ नितिन गोयल को कराधान एवं वित्तीय क्षेत्र में मिला ऑनरेरी डॉक्टरेट

- साउथवेस्टर्न अमेरिकन यूनिवर्सिटी ने दिया सम्मान

**करनाल।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के नैशनल डायरेक्टर एवं एनकेजी एसोसिएट्स के निदेशक डॉ नितिन कुमार गोयल को साउथवेस्टर्न अमेरिकन यूनिवर्सिटी द्वारा कराधान एवं वित्तीय क्षेत्र में लगातार उत्कृष्ट कार्यों के लिए ऑनरेरी डॉक्टरेट से सम्मानित किया गया। साउथवेस्टर्न अमेरिकन यूनिवर्सिटी द्वारा दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों की विभूतियों को विभिन्न क्षेत्रों में लगातार किए जा रहे उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए ऑनरेरी डॉक्टरेट से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में करनाल के टेक्स बार एसोसिएशन के ज्वाइंट सेक्रेट्री एवं वरिष्ठ समाजसेवी डॉ नितिन कुमार गोयल को कराधान एवं वित्त क्षेत्र में लगातार किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए ऑनरेरी डॉक्टरेट से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता यूनिवर्सिटी के निदेशक सेल्वम ने की। मुख्य अतिथि के रूप में मथुरा के पूर्व सांसद एवं पूर्व राज्य मंत्री राजा मानवेंद्र सिंह एवं एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा उपस्थित रहे। डॉ नितिन कुमार गोयल भारत विकास परिषद कर्ण शाखा के वाइस प्रेसिडेंट है, वह हरियाणा में एमएसएमई से जीएसटी प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले हरियाणा के पहले व्यक्ति रहे, डॉ नितिन गोयल आयकर विभाग द्वारा आयोजित विभिन्न सेमिनारों में अतिथि वक्ता के रूप शिरकत करते हैं।

## 13 जून 2023 में मामला दर्ज किया गया था

# बच्चियों से यौन उत्पीड़न करने वाले को 5 साल की कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायाधीश की अदालत ने नाबालिग बच्चियों से यौन उत्पीड़न करने के आरोपी थाना शाहाबाद एरिया वासी व्यक्ति को 5 साल कठोर कारावास व 20 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जानकारी देते हुए जिला न्यायवादी ने बताया कि 13 जून 23 को थाना शाहाबाद एरिया वासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि उसकी 7 व 5 साल की दो नाबालिग पोती हैं। 13 जून 23 को शाम के समय करीब 6 बजे उसकी दोनों पोतियां घर के पीछे खाली जगह में खेल रही थी। उसी समय घर के पीछे से लड़कियों के रोने की आवाज सुनी। जब उसने जाकर देखा तो उसके गांव का एक लड़का उसकी नाबालिग पोतियों के साथ गलत काम कर रहा था। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया था।जिसकी शिकायत पर थाना शाहबाद में 6 पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज करके जांच महिला पीएसआई कमलेश कुमारी द्वारा अमल में लाई गई। तफ्तीश के दौरान आरोपी को गिरफ्तार करके अदालत के आदेश से कारागार भेज दिया था। मामले का चालान माननीय अदालत में दिया गया था। मामले की नियमित सुनवाई फास्ट ट्रैक स्पैशल कोर्ट में करते हुए अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायाधीश की अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए पोक्सो एक्ट की धारा 10 के तहत 5 साल कठोर कारावास व 20 हजार रुपये जुमार्ना तथा जुमार्ना न भरने की सूरत में 6 माह के अतिरिक्त कठोर कारावास की सजा सुनाई।

## छात्रों ने पार्टी में मचाया धमाल, जमकर की मस्ती



**बराड़ा।** शैमफॉर्ड फ्यूचरिस्टिक स्कूल में विद्यार्थियों के लिए शुक्रवार को एक विशेष पार्टी का आयोजन किया गया। यह आयोजन गर्मी के मौसम में विद्यार्थियों के लिए न केवल एक राहत बनकर आया, बल्कि उनके चेहरों पर मुस्कान और उत्साह भी ले आया। सुबह से ही स्कूल परिसर में उल्लासपूर्ण माहौल देखने को मिला, जब बच्चों को उनकी पसंदीदा वेनिला, चॉकलेट, स्ट्रॉबेरी जैसी विभिन्न फ्लेवर की आइसक्रीम वितरित की गई। ठंडी-ठंडी आइसक्रीम के स्वाद के साथ बच्चों ने इस क्षण का भरपूर आनंद उठाया। पार्टी के साथ-साथ विद्यार्थियों के लिए संगीत, नृत्य और खेल गतिविधियों का भी आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षकगण भी उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए।

## कनाडा भेजने के नाम पर ठगे दस लाख रुपये

**यमुनानगर।** महिला ने एक पुरुष के साथ मिलक युवक से उसे कनाडा भेजने के नाम पर दस लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में मामला दर्ज कर लिया। मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक जगाधरी वर्कशॉप निवासी महेश कुमार के पुलिस को बताया कि वह पढ़ाई करने के लिए कनाडा जाने के लिए घूम रहा था। इस दौरान शहर की आईटीआई के नजदीक उसकी मुलाकात आरती व योगेश से हो गई। उन्होंने उसे बताया कि वह लोगों को विदेश भेजने का काम करते हैं। इसलिए वह उसे भी कनाडा भेज देंगे। इस दौरान आरोपियों ने कनाडा भेजने के लिए 22 लाख रुपये खर्च आने की बात कही। उस समय वह आरोपियों के झांसे में आ गया और कनाडा जाने के लिए राजी हो गया। इसके दो दिन बाद आरोपी महिला आरती ने उसे फोन कर दो लाख रुपये और दस्तावेज मांगे। उसने आरोपी को दो लाख और दस्तावेज दे दिए। इसके बाद फिर आरती ने उससे तीन लाख रुपये लिए। इस तरह आरोपी आरती ने योगेश के साथ मिलकर उससे दस लाख रुपये ऐंठ लिए। आरोप है कि कुछ बाद आरोपियों ने उसे ऑफर लेटर दिया जो फर्जी निकला। जिसके बाद उसने आरोपियों से अपने पैसे और दस्तावेज दिए जाने की मांग की। मगर आरोपियों ने उसे पैसे देने से मना कर दिया और जाति सूचक शब्द बोलकर उसे झूठे केस में फंसा देने की धमकी देकर मौके से भगा दिया। परेशान होकर उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत कर दी।

## खबर संक्षेप



### साधकों को योग का प्रशिक्षण दिया

**करनाल।** योग गुरु दिनेश गुलाटी मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत योग के प्रचार प्रसार के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं । उनके निर्देशन में 20 वर्षों से लगातार योग की कक्षाएं चलाई जा रही हैं। इसी के अंतर्गत उन्होंने पंचकूला पहुंचकर योग शिक्षक विनोद बजाज के नेतृत्व में चलाई जा रही एनर्जेटिक योग परिवार कक्षा में साधकों को योग का प्रशिक्षण दिया। वहां पहुंचने पर मुख्य शिक्षक विनोद बजाज, महिला प्रमुख सुमन गुगलानी और कार्यकारी समिति के सदस्य जगदीश ठकराल, रणधीर सैनी, धर्मवीर गोयल, सुनील चौंफला एवं योग टीम ने उनका जोरदार स्वागत किया और उन्हें शॉल उड़ाकर और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया।उन्होंने साधकों को योग की हर क्रिया से अवगत करवाया। जिसमें सूक्ष्म व्यायाम,आसन, सूर्य नमस्कार ,प्राणायाम, ध्यान इन सभी का विस्तार पूर्वक ज्ञान करवाया। सभी ने उनके योग करवाने के जुनून की प्रशंसा की। दिनेश गुलाटी ने कहा कि श्री विनोद बजाज पंचकूला में बेहतरीन तरीके से योग करवा रहे हैं। योग साधकों का उत्साह देखने लायक है और साधकों के सानिध्य और ऊर्जा को उन्होंने स्पष्ट महसूस किया। पंचकूला योग टीम के शिक्षक रेनू कटयाल, इंदु अग्रवाल और सदस्य जगदीश ठकराल, रणधीर सैनी, धर्मवीर गोयल, सुनील चौंफला मौजूद रहे।

### गांव दहा और अशोक विहार कॉलोनी में लोगों की सुनी समस्याएं

# विधानसभा अध्यक्ष ने 4 करोड़ 44 लाख की तीन परियोजनाओं की दी सौगात

**आने वाले समय में न केवल लंबित कार्यों को पूरा कराया जाएगा बल्कि लोगों की जरूरत अनुसार नए प्रोजेक्ट भी शुरू किए जाएंगे**


तीन परियोजनाओं का शिलान्यास करते विधानसभाध्यक्ष हरविंद्र कल्याण।


**तरावड़ी।** नवनिर्मित शैड का उद्घाटन करते भगवान दास कबीरपंथी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने शुक्रवार को क्षेत्र की जनता को बड़ी सौगात देते हुए 4 करोड़ 44 लाख रुपये की तीन परियोजनाओं का शिलान्यास किया। उन्होंने गांव दहा और अशोक विहार कॉलोनी में लोगों की समस्याएं भी सुनी और संबंधित अधिकारियों को उनके निपटारे के निर्देश दिए। इस दौरान संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि जनता के लिए उनके द्वार 24 घंटे खुले हैं। हलके का विकास उनकी प्राथमिकता है। आने वाले समय में न केवल लंबित कार्यों को पूरा कराया जाएगा बल्कि लोगों की जरूरत अनुसार नए प्रोजेक्ट भी शुरू किए जाएंगे।

विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने गांव दहा में तालाब के सौदर्यकरण का शिलान्यास किया। इस पर 86 लाख 33 हजार रुपये खर्च होंगे। कार्य पूरा करने की तिथि 13 सितंबर 2025 रखी गई हैं। इस तालाब में रेंप, सीढियां, फुटपाथ और रेन वाटर हार्वेस्टिंग बनाया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष ने नगर निगम अधिकारियों को निर्देश तालाब में छायादार पेड़ भी लगाने और तालाब के चारों ओर बाड़ भी लगाई जाए। उन्होंने गांव मदनपुर से दहा तक की सड़क का शिलान्यास भी किया। इस पर 284 लाख रुपये खर्च होंगे। गांव देहा में पत्रकारों द्वारा कल आयोजित किए जाने वाले नागरिक सुरक्षा अभ्यास संबंधी प्रश्न पर श्री कल्याण ने कहा कि लोगों को सरकार द्वारा जारी की जाने वाली एडवाइजरी पर अमल करना चाहिए। कोरोना के नये केस आने संबंधी प्रश्न पर कहा कि लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है लेकिन सरकार के निर्देशों का पालन करते हुए एहतियात जरूर बरतनी चाहिए। उन्होंने अशोक विहार कालोनी में लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके निपटारे के निर्देश दिए। मेयर रेणू बाला गुप्ता ने इस मौके पर लोगों से कहा कि सड़क निर्माण अथवा पार्क सौंदर्यकरण के मामले में निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर निगरानी रखें। कहीं कोई कमी नजर आए तो तुरंत संज्ञान में लाएं, उचित कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर पार्षद सुभाष कांबोज, अंमित तितोरिया, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, महामंत्री सतबीर गोस्वामी, अजय राणा, मंजू खैंची, श्याम लाल शर्मा, मनजीत, सोहन चालिया आदि मौजूद रहे।

### विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने टिन शैड का किया उद्घाटन

तरावड़ी( विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने शुक्रवार को तरावड़ी अनाज मंडी में 2 करोड़ 24 लाख रुपये की लागत से निर्मित 16 बेस के नए शैड का उद्घाटन किया। यह शेड 120 मीटर लम्बे और 24 मीटर चौड़े हैं। अनाज मंडी में पहुँचने पर विधायक का मंडी अधिकारियों, आढ़तियों व कार्यकर्ताओं द्वारा फूल मालाओं व पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने कहा कि यह नया शैड मंडी में आने वाले किसानों और आढ़तियों दोनों के लिए सुविधा प्रदान करेगा और अनाज के सुरक्षित भंडारण में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सभी वर्गों, विशेषकर किसान और मजदूर भाइयों के हितों मे लगातार कार्य कर रही है। सरकार का दृढ़ संकल्प है कि प्रदेश के हर नागरिक का विकास सुनिश्चित हो और उन्हें प्रगति के समान अवसर मिलें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं लागू की हैं जिनका लाभ किसानों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मजदूर वर्ग के कल्याण के लिए भी सरकार ने कई कदम उठाए हैं। श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा, उनके लिए बेहतर कार्य और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। प्रदेश सरकार का मानना है कि किसान और मजदूर प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उनके सशक्तिकरण से ही प्रदेश का समग्र विकास संभव है। सरकार आगे भी सभी वर्गों के कल्याण के लिए समर्पित भाव से कार्य करती रहेगी। कार्यक्रम में मंडी प्रधान सुभाष गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, राकेश गर्ग, संजय सिंगला, गौरव गर्ग, राजेश सिंगला, शीशपाल गुप्ता, शिवम बंसल, अनिल चौधरी, मुकेश गुप्ता, पंकज गुप्ता, दुर्ग्रेश मित्तल, बृजभूषण गुप्ता, राम निवास बंसल, मंडी अधिकारी और बड़ी संख्या में आढ़ती भाई एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### 10वीं व 12वीं टॉपर्स को पुरस्कार से किया सममानित

**करनाल।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नीलोखेड़ी में कक्षा 10वीं व 12वीं के कुछ विषयों में टॉपर रहे विद्यार्थियों को पुरस्कार के रूप में 500-500 रुपए भेंट किए गए। कार्यक्रम के अध्यक्षता प्रिंसिपल जसमीत ने की। राजनीति विज्ञान मनोविज्ञान कंप्यूटर साइंस भूगोल सामाजिक विज्ञान तथा पंजाबी विषयों के उन सभी विद्यार्थियों को पुरस्कार दिए गए जिन्होंने 90 तथा इससे अधिक अंक प्राप्त किए थे। कार्यक्रम का आयोजन व संचालन शशि चौधरी, डॉ. अंजली शर्मा, सुषमा,अंबुज कुमार दीपक नरूला कुलबीर कौर संगीता ,योगिता तथा सुमन सुलेख द्वारा किया गया। विद्यार्थियों ने पुरस्कार राशि प्राप्त करने के बाद खुशी मनाई। प्रिंसिपल जसमीत ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए अध्यापकों द्वारा किए गए प्रयास के सराहना की तथा शशि चौधरी द्वारा शुरुआत की गई इस प्रथा को बच्चों को प्रेरित करने का एक बेहतर प्रयास बताया।




### जेसीआई करनाल गोल्ड मनाया प्रयास दिवस

**करनाल।** जेसीआई करनाल गोल्ड जेसीआरटीटी विंग द्वारा सरकारी मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मॉडल टाउन, करनाल में प्रयास दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल की छात्राओं को सैनिटरी नैपकिन वितरित किए गए और मासिक धर्म स्वच्छता एवं स्वास्थ्य पर एक विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम की प्रोजेक्ट डायरेक्टर जेसीआरटीटी सुमन अग्रवाल एवं प्रोजेक्ट एडवाइजर जेसीआरटीटी सीमा गुप्ता थी। चेयरपर्सन जेसीआरटीटी सिम्मी बंसल, आईपीसीपी जेसीआरटीटी नेहा गर्ग, सेक्रेटरी जेसीआरटीटी मोनिका बंसल, कोषाध्यक्ष जेसीआरटीटी मनीषी भूटानी, जेसीआरटीटी पूजा धींगरा एवं जेसीआरटीटी कंचन चावला ने भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



### कार्यालय में सीटू का स्थापना दिवस मनाया

**करनाल।** दिवस मनाया गया। सीटू का झंडा रोहण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीटू जिला प्रधान सतपाल सैनी ने की व संचालन जिला सचिव जगपाल राणा ने किया। स्थापना दिवस पर मुख्य वक्ता कामरेड जगमाल सिह ने विस्तार से सीटू के इतिहास पर विस्तार से चर्चा की। सीटू जिला प्रधान सतपाल सैनी, सचिव जगपाल राणा, कैशियर ओपी माटा, सहसचिव बिजनेश राणा, सुदेश व कामरेड जगमाल सिंह ने कहा कि सीटू संगठन की स्थापना 30 मई 1970 को कलकत्ता मे हुई। तब से लेकर आज तक सीटू का संगठन अब तक मजदूरों, कर्मचारियों की मांगों को लेकर सघर्षरत है। इससे यूनियनों को अपनी मांगों को लेकर धरना, प्रदर्शन, हडताल के अधिकार से वंचित कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी, आशा, मिड डे मील, ग्रामीण चौकीदार, वन मजदूर यूनियन, ग्रामीण सफाई कर्मचारी के कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपए नहीं दिया जा रहा है।

### नशे के खिलाफ लोगों को किया जागरूक



**करनाल।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा राजकीय उच्च विद्यालय कम्बोपुर पहुंचे और नशे के विरुद्ध छात्र छात्राओं को जागरूक किया। विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका शकुंतला की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम हुआ। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने सरल भाषा में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे विस्तार पूर्वक बताते हुए कहा कि नशा मुक्त हरियाणा अभियान को साकार करने के लिए प्रतिदिन अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा जा रहा है तो जागरूकता के माध्यम से भी समझाया जा रहा है ताकि कोई व्यक्ति किसी के बहकावे में आकर, धन के लोभ में जाकर, अज्ञानतावश अथवा जानबूझकर नशे के चंगुल में न फंसे।


**तरावड़ी।** युवा जागृति सेवा समिति के सदस्य जागरण कार्यक्रम की जानकारी देते हुए।

### मां भगवती जागरण व भंडारे का आयोजन आज

**तरावड़ी।** युवा जागृति सेवा समिति की ओर से सभी नगर वासियों के सहयोग से नौवा विशाल भगवती जागरण एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। युवा जागृति सेवा समिति के सेवादार पवन शर्मा व लखविन्दर सिंह पार्षद प्रतिनिधि ने बताया कि शनिवार वार्ड नः 15 में नजदीक गुगा माड़ी के पास मां भगवती का विशाल जागरण का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें श्याम जागरण पार्टी तरावड़ी वाले अपनी मधुर वाणी से मां भगवती की भेंटों का गुणगान करेंगे और 7:00 बजे विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा और रात्रि 9:00 बजे ज्योति प्रचंड का कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरदार लखविंदर सिंह ढिल्लों प्रतिनिधि पार्षद वार्ड नंबर 15 के मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। सेवा समिति की ओर से सभी शहर वासियों को निमंत्रण दिया जा रहा है कि इस जागरण में पहुंचकर मां भगवती का आशीर्वाद प्राप्त करें और इस कार्यक्रम का विशेष आकर्षण मां का दरबार व सुंदर-सुंदर झांकियां देखने योग्य होगी। इस मौके पर समिति के प्रधान पवन शर्मा, दिलराज शर्मा, लखविन्द्र सिंह, राजपाल चौधरी, नितेश चौधरी आदि रहे।

# श्रद्धांजलि सभा में मंत्रियों, विधायकों सहित हजारों लोगों ने विधानसभा अध्यक्ष की चाची को किया सादर नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष एवं घरौंडा विधायक हरविन्द्र कल्याण की चाची स्वर्गीय गुरु बचनी देवी जी की मेरठ रोड स्थित अनमोल गार्डन में हुई श्रद्धांजलि सभा में मंत्रियों, विधायकों, प्रशासनिक अधिकारियों व गणमान्य लोगों ने उन्हें नमन कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। शुक्रवार को स्वास्थ्य मंत्री आरती राव, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता सहित कई विधायकों व पूर्व मंत्री तथा विधायकों ने उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने भावभीनी स्वर में अपनी चाची मां को नमन करते हुए सभी का हृदय से आभार जताया। उन्होंने कहा कि चाची मां का जीवन प्यार, संयम, परिश्रम, मेहनत की अनुपम मिसाल है, चाची मां परिवार में सबसे बड़ी थीं। उन्होंने अपने जीवन में कई उतार-चढ़ाव देखे लेकिन कभी परिश्रम व धैर्य का साथ नहीं छोड़ा, उन्होंने कभी अपने जीवन में उन्हें अशांत नहीं देखा, सदा शांत देखा। उनका जीवन केवल उनके परिवार के लिए ही नहीं बल्कि समाज के लिए भी एक प्रेरणा है। पहले की पीढ़ियों में जो प्यार, संयम, परिश्रम, मेहनत, अपनापन था वह आज की पीढ़ियों में कम होता जा रहा है। नई पीढ़ी उनके जीवन से गहरा सबक ले सकती है। बता दें कि स्वर्गीय श्रीमती गुरु बचनी देवी जी का निधन 18 मई को हो गया था।


**करनाल।** विधानसभा अध्यक्ष की चाची की श्रद्धांजलि सभा में मौजूद गणमान्य।

### ये रहे मौजूद

श्रद्धांजलि सभा में प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती राव, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, करनाल विधायक जगमोहन आनंद, नीलोखेड़ी विधायक भगवानदास कबीरपंथी, असंध विधायक योगेंद्र राणा, इंद्री विधायक रामकुमार कश्यप, सिरसा विधायक गोकुल सेतिया, विधायक मनमोहन भड़ाना, विधायक घनश्याम दास अरोड़ा, विधायक देवेंद्र हंस, हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य कपिल अत्रेजा, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि कविंद्र राणा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीन लाठर, भाजपा जिला प्रभारी भारत भूषण जुयाल, पूर्व मंत्री शशिपाल मेहता, पूर्व मंत्री भीमसेन मेहता, हरियाणा शुगर फेड के पूर्व चेयरमेन चंद्र प्रकाश कथूरिया आदि मौजूद रहे।

# उपायुक्त उत्तम सिंह ने ली जिला स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

उपायुक्त उत्तम सिंह की अध्यक्षता में आज लघु सचिवालय के सभागार में जिला स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक का आयोजन किया गया। विभिन्न बैंकों से आये हुए सभी डीसीओ एवं सरकारी विभाग के नोडल अधिकारियों ने बैठक में भाग लिया तथा बैठक में करनाल जिले के सभी बैंकों की उपलब्धियों का अवलोकन किया गया।

उपायुक्त ने बैंक अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत बीमित लोगों की सही जन्म तिथि डालें ताकि बाद में क्लेम रिजेक्ट न हो। उन्होंने बताया कि करनाल जिले का ऋण जमा अनुपात 60 प्रतिशत लक्ष्य के विरुद्ध 125 प्रतिशत है, ऋण वृद्धि दर 14.32 प्रतिशत एवं जमा की वृद्धि दर 8.33 प्रतिशत दर्ज की गई। उपायुक्त ने सभी बैंकों अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकारी योजना के तहत प्राप्त सभी पेंडिंग प्रार्थना पत्रों का निपटान अति शीघ्र करें। उन्होंने विभिन्न बैंकों के डीसीओ को भी निर्देश दिए।



# गीता मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मनाया आम उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

गीता मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आम उत्सव मनाया गया। आम के इस सीजन में बच्चों ने आज फलों के राजा आम का परिचय देते हुए उसके गुणों को बताया । सभी बच्चों ने आम के खट्टे मीठे स्वाद का आनंद लिया । सभी विद्यार्थी अपने लंच बॉक्स में येलो फूड और आम लेकर आए। आम के ह्यद्भड्डश्वद्द में बच्चे चार्ट बना कर लाएं और उन्हें पहनकर बच्चों ने कविताएं प्रस्तुत की।आम फलों का राजा है इसलिए बच्चों ने क्राउन पहनकर इस प्रोग्राम में बढ़-चढक़र भाग लिया । इस कार्यक्रम का अहम उद्देश्य बच्चों को राष्ट्रीय फल से अवगत करवाना था। खेल-खेल में बच्चों ने आम के स्वाद, रंग व इसकी अहमियत के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक बालकृष्ण त्रिपाठी ने बच्चों को आम के स्वाद और उसके गुणों के बारे में बताया और कहा कि हमें सीजन के अनुसार हर फल का उपयोग करना चाहिए। स्कूल की प्रधानाचार्य ने भी बच्चों को आम के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।




# विधायक ने मातेश्वरी देवी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर आयोजित

- गांव में स्थित ग्राम सचिवालय का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि मातेश्वरी देवी अहिल्याबाई होल्कर का जीवन आज भी समरसता, नारी शक्ति और धर्म परायण नेतृत्व का अमर आदर्श है, जिनसे वर्तमान पीढ़ियां प्रेरणा लेती रहेंगीं। विधायक जगमोहन आनंद गांव काछवा की पाल चौपाल में देवी अहिल्याबाई होल्कर जी की 300वीं जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने मातेश्वरी देवी अहिल्याबाई होल्कर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके अनुपम जीवन, लोकहितकारी शासन, धार्मिक सहिष्णुता तथा समाज सुधार हेतु उनके अद्वितीय योगदान को ससम्मान स्मरण किया गया। इस अवसर पर पार्षद राजेश अग्गी, महामंत्री बंसीलाल, राजबीर खोखर, दीपक कुमार, सुनील पाल, देवेंद्र गुज्जर, बिट्टू सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। विधायक जगमोहन आनंद ने करनाल विधानसभा के गांव काछवा में आयोजित भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया तथा सभी को पावन जन्मोत्सव की बधाई दी।



### विधायक जगमोहन आनंद ने शीश नवाया

विधायक जगमोहन आनंद ने स्थानीय डेरा कार सेवा में आयोजित श्रद्धापूर्ण समागम में पंचम पातशाह श्री गुरु अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की तथा गुरु दरबार में शीश नवाया।

### गुरुद्वारा साहिब में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के अखंड पाठ साहिब का भोग डाला

# शहीदों के सरताज शांति के पुंज साहिबश्री गुरु अर्जुन देव जी की शहादत को समर्पित कीर्तन समागम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

सिख धर्म के पांचवें गुरु, शहीदों के सरताज, शांति के पुंज साहिब श्री गुरु अर्जुन देव जी की शहादत को समर्पित करनाल की गुरुपर्व प्रबंधक कमेटी द्वारा बाबा सुखा सिंह कार सेवा वाले की देखरेख में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की हजूरी में कीर्तन समारोह का आयोजन किया गया। इस कीर्तन समारोह में पंथ के महान रागी, ढाडी, प्रचारक व कथावाचक ने पहुंचकर संगत को गुरु के विचारों से निहाल किया। सबसे पहले गुरुद्वारा साहिब में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के अखंड पाठ साहिब का भोग डाला गया जिसके बाद दीवान हॉल में सुंदर फूलों से सजे मंच पर श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को सुशोभित किया गया और कीर्तन समारोह शुरू हुआ। इस कीर्तन समागम में पंथ के महान रागी भाई गुरदित्त सिंह हजूरी रागी दरबार साहिब श्री अमृतसर साहिब, भाई गुरप्रीत सिंह हजूरी रागी पोंटा साहिब ने मनमोहक कीर्तन से संगत को निहाल किया। इस समागम में कविश्री जत्था भाई प्यारा सिंह फिरोजपुर वाले ने संगत को गुरु इतिहास से अवगत करवाया। भाई अमृतपाल सिंह हेड ग्रंथी गुरुद्वारा मंजी साहिब पातशाही पहली ने संगत के साथ गुरु विचार साझा किए। इस आयोजन में करनाल से विधायक जगमोहन आनंद ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को माथा टेक कर अपनी श्रद्धा के फूल अर्पित किए। गुरुपर्व प्रबंधक कमेटी की ओर से अध्यक्ष वरिंदर सिंह और सचिव इंद्रपाल सिंह ने जगमोहन आनंद को सरोपा देकर सम्मानित किया। इस कीर्तन आयोजन में बड़ी संख्या में संगत ने पहुंचकर श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को श्रद्धा भाव से नमन किया। कीर्तन समारोह सुबह 9 बजे शुरू हुआ और दोपहर 3 बजे तक जारी रहा जिसके बाद शाम 6 बजे से रात 10:30 बजे तक कीर्तन समारोह निरंतर जारी रहा। बड़ी संख्या में श्रद्धालु गुरुद्वारा साहिब पहुंचे। भाई मंजूर सिंह और भाई गुरप्रीत सिंह द्वारा नितनेम और रहरास साहिब का पाठ किया गया। भाई दर्शन सिंह ने स्टेज की सेवा निभाई। स्कूटर और मोटरसाइकिल पार्किंग की सेवा श्री सुखमनी साहिब सेवा सोसायटी भाई घन्हैया जी के सदस्यों द्वारा की गई। नौजवान सभा के सदस्यों ने जोड़ा घर की सेवा की।


**करनाल।** श्री गुरु अर्जन देव जी की शहादत को समर्पित कीर्तन कार्यक्रम का दृश्य।

### गुरु का अटूट लंगर बरताया

गुरुपर्व प्रबंधक कमेटी द्वारा गुरु का अटूट लंगर बरताया गया। समागम में विशेष रूप से गुरुपर्व प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष बरिंदर सिंह, सचिव इंद्रपाल सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रतन सिंह सग्गू, उपाध्यक्ष हरप्रीत सिंह नरूला, हरमीत सिंह हैप्पी, गुरपाल सिंह डोनी, तजिंदर सिंह डिंपी, जत्थेदार दविंदर सिंह काला, गुरविंदर सिंह रोजी, सेवादार गुरसेवक सिंह, बलिहार सिंह, जसविंदर सिंह बिल्ला व बड़ी संख्या में अन्य सेवादार व संगत मौजूद रही।

## फर्जी शादी करवा ठगी करने वाले गिरोह का दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** थाना सेक्टर 13-17 पुलिस ने सेक्टर 6 न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी युवक की फर्जी शादी करवा ठगी करने वाले गिरोह के दूसरे आरोपी को वीरवार को शामिल जांच कर गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान नलवा कॉलोनी निवासी नीतू उर्फ सागर के रूप में हुई। आरोपी नीतू उर्फ सागर ने मामले में पानीपत न्यायालय से अग्रिम जमानत करवाई हुई थी। थाना सेक्टर 13-17 प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश ने बताया कि पूछताछ में आरोपी नीतू उर्फ सागर ने मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके अपने साथी आरोपी नूरवाला की धमीजा कॉलोनी निवासी पप्पू व फरार आरोपी सुरेंद्र, विशाल उर्फ राजा, बैबी व शर्मिला के साथ मिलकर साजिश रच सुनील की शर्मिला से फर्जी शादी करवा ठगी करना स्वीकारा। शर्मिला की सुनील के साथ फर्जी शादी करवाने के तीन दिन बाद साथी आरोपी विशाल भाई बनकर शर्मिला को पानीपत से ले गया था। शादी की एवज में सुनील से 86 हजार रूपए लिए थे। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 3 हजार रूपए बरामद कर पूछताछ के बाद पुलिस बेल पर छोड़ दिया। जबकि मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके आरोपी आरोपी पप्पू के कब्जे से 2500 रूपए बरामद कर आरोपी को जेल भेजा जा चुका है।

### जितना हम योग करेंगे उतना ही हम भगवान के समीप जाएंगे

# शरीर के प्रति नेक कार्य है योग करना : सुभाष



अंसल पार्क में योग करते स्थानीय निवासी । फोटो : हरिभूमि

### हर व्यक्ति को अपने शरीर को कम से कम 2 घंटे अवश्य देने चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

जितना हम योग करेंगे उतना ही हम भगवान के समीप जाएंगे क्योंकि योग ही भगवान की सच्ची भक्ति है। हर व्यक्ति को अपने शरीर को कम से कम 2 घंटे अवश्य देने चाहिए। यह शब्द आज वरिष्ठ योग गुरु सुभाष बजाज ने अंसल सिटी में चल रही योग कक्षा में कहे। अंसल सुशांत सिटी की ई ब्लॉक की योग क्लास में आज प्राणायाम के वक्त मुख्य योग शिक्षक सुभाष बजाज ने बताया कि योग करना ईश्वर के नेक कार्यों में आता है।

ईश्वर जो हमारे इस शरीर का मालिक है और आत्मा इसकी किरायेदार है। जैसे संसार में किराए के दिए मकान को किराएदार अगर साफ नहीं रखता तो मकान मालिक कभी खुश नहीं होता। इसी प्रकार मालिक ईश्वर के दिए इस किराए के शरीर को साफ सुथरा रखने का दायित्व भी हमारा बनता है। वरिष्ठ पत्रकार राममेहर कौशिक ने कहा कि यदि हम नियमित रूप से योग कक्षा में आएंगे तो हमारे अंदर अलग उर्जा का संचार होगा। इस अवसर पर पूर्व प्रधानाचार्य यशपाल कौशिक, प्रति नारंग, ललिता झांब , कमलेश राठी, मनदीप, अंजू, पदमा, कावेरी, नीलम, बरखा, सरोज, तरुण गुगनानी, सुधीर पुजारा व राजीव मलिक आदि उपस्थित रहे।

### योग से मानसिक व शारीरिक तौर परिपक्व होता है इंसान : शेषपाल सिंह



सामुहिक फोटो कराते योग साधक व शिक्षक । फोटो : हरिभूमि

**पानीपत। भारत स्वाभिमान पतंजलि योग समिति द्वारा मार्केट कमेटी रेजिडेंस** क्वार्टर के पास पार्क में योग शिविर का आज चौथा दिन था। आज शेषपाल सिंह जिला प्रभारी भारत स्वाभिमान ने कहा कि आज के समय जो व्यक्ति योग प्राणायाम करते हैं मेडिटेशन करते हैं वह मानसिक, शारीरिक व आध्यात्मिक तौर से परिपक्व हो जाते हैं। जिला किसान प्रभारी पतंजलि रामपाल शर्मा ने ऑर्गेनिक खेती के बारे में बताया। सुदेश शर्मा ने बताया कि हमें योग अच्छा लगता है इसलिए हमने निर्णय लिया कि हम यह शिविर लगाकर महिलाओं पुरुषों को जागरूक करें। राज दहिया ने स्वस्थ रहने के टिप्स बताएं। शकुंतला आर्य ने कहा कि इस योग सेवा को आगे भी बढना चाहते हैं। इस अवसर पर रेखा , दीप्ति, मंजू वर्मा, निश, नींमू गुप्ता आदि मौजूद रहे।



पानीपत। मेयर कोमल सैनी को निमंत्रण देते हुए श्री गणेश मंदिर के पदाधिकारी।

## गणेश मंदिर का जीर्णोद्धार हुआ पूरा सात को मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा होगी

- मंदिर की नींव रखने वाले गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ही मंदिर का शुभारंभ करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

मॉडल टाउन की भाटिया कॉलोनी स्थित श्री गणेश मंदिर बनकर पूरी तरह से तैयार है। मंदिर में होने वाले कार्यक्रम के लिए निमंत्रण देना शुरू हो चुके हैं। मेयर कोमल सैनी को प्रधान बलदेव गांधी, महासचिव हरीश बंसल, कैशियर सतीश फुटेला, जोगिंदर कुंडू ने उन्हें निमंत्रण दिया। बता दें कि मंदिर में जयपुर से मूर्तियां भी लाई गई हैं। मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा 7 जून को होगी। इससे पहले 1 से 6 जून तक मंदिर में अनुष्ठान कार्यक्रम होगा। आचार्य लालमणि पांडे के सानिध्य में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम किया जाएगा। इस मंदिर की नींव रखने वाले गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ही मंदिर का शुभारंभ करेंगे। प्रधान बलदेव गांधी, महासचिव हरीश बंसल ने बताया कि मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 1 जून से शुरू होगी। कार्यक्रम में मंत्री महीपाल ढांडा, मंत्री कृष्ण लाल पंवार और विधायक प्रमोद विज भी शामिल होंगे।

## इस्कान ने किया संकीर्तन यात्रा का आयोजन



**पानीपत।** इस्कॉन ने अंसल स्थित केआर मंगलम स्कूल के पीछे एक भव्य संकीर्तन यात्रा का आयोजन किया। जिसमें भक्तों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह आयोजन भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति और श्री चैतन्य महाप्रभु द्वारा प्रचारित हरिनाम संकीर्तन की भावना को समर्पित था। संकीर्तन यात्रा ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया। जिसमें भक्त श्रीकृष्ण और राधारानी के गुणगान में लीन थे। संकीर्तन के अंत में प्रसाद वितरित किया गया।

## एसडी विद्यालय में छह दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ



**पानीपत।** एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल परिसर में एसडी एजुकेशन सोसाइटी की ओर से 6 दिवसीय सनातन वीर दल प्रशिक्षण शिविर का आज शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि प्रधान प्रमोद बंसल रहे। आचार्य राजकुमार और भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी ओमदत भारद्वाज विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंधक फ कीरचंद बिंदल ने की। प्रधानाचार्या रेखा शर्मा ने सभी का स्वागत किया और आचार्य कर्ण ने सभी का आभार व्यक्त किया। जूडो और सूर्य नमस्कार का प्रदर्शन कर छात्रों ने सभी को भाव विभोर कर दिया। एसडी एजुकेशन सोसाइटी के प्रधान अनूप गर्ग ने सफल आयोजन के लिए सभी को बधाई दी। शिविर में विद्यालय के 120 छात्र प्रशिक्षण लेंगे और 5 जून को यह शिविर संपन्न होगा। विद्यालय के प्रधान प्रमोद बंसल ने कहा कि भारत एक सनातन राष्ट्र है। सभी एसडी संस्थाएं भी भारतीय संस्कृति को पहले वाला गौरव दिलाने के सभी प्रयास कर रही हैं। प्रमोद बंसल ने कहा कि यह विद्यालय समाज के हर अमीर गरीब छात्र को आधुनिक शिक्षा दिलवाने में पूर्ण सहयोग करेगा।

## सेवानिवृत्ति पर प्रिंसिपल राजेंद्र पांचाल को किया सम्मानित




**पानीपत।**,महम स्थित आईटीआई से प्रिंसिपल राजेंद्र सिंह पांचाल 37 साल की सेवा के बाद सेवानिवृत हो गए। आईटीआई महम संस्थान के सभी कर्मचारियों व आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के तत्वाधान में प्रमुख सामाजिक संगठनों ने संयुक्त रूप से सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वाइस प्रिंसिपल इंदर सिंह सैनी ने की। राजेंद्र पांचाल अनुदेशक के पद पर चयनित हुए थे तथा प्रिंसिपल के पद से सेवानिवृत हुए हैं। उन्हें बेस्ट प्रिंसिपल स्टेट अवार्ड से सम्मानित भी किया गया था। आज 37 साल 6 महीने 22 दिन में सेवानिवृत हुए हैं। इस मौके पर मोर्चे के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी, अंजू देवी, सुपरिटेंडेंट कुलबीर सिंह, राजेश, अशोक, विकास, दलवीर, रामवीर, सरोज, मोनिका देवी, अशोक आर्य, मुनीराम मोखरा, मुख्तार सिंह दांगी, विकास पांचाल, आशीष पांचाल, मोहित पांचाल तथा विजेंद्र दांगी आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## जनसेवा दल ने बांटा 300 निर्धन परिवारों को मासिक राशन

**पानीपत।** स्वामी विशुद्धानंद जी महाराज द्वारा संचालित जनसेवा दल के माध्यम से आज स्वामी श्री दयानन्द जी सरस्वती, स्वामी आनंद प्रकाश जी महाराज व श्री ब्रह्मऋषि जी स्वामी किशोर जी महाराज द्वारा जन सेवा दल के मासिक राशन वितरण समारोह में पूर्व विधायक फतेहचंद विज की स्मृति में उनके पुत्र व वर्तमान विधायक प्रमोद विज ने सपरिवार व पूर्व सांसद संजय भाटिया तथा पार्षद नवल जिंदल, जयदीप अरोड़ा, अमित नारंग,कमल अरोड़ा, अशोक कटारिया, प्राण रत्नाकर, राकेश गहलोत, सुरेंद्र गर्ग, प्रीतम गुर्जर, मनीष आर्य व दीपेश रहेजा ने राशन बांटा। राशन में आटा, चावल, चीनी, दाल सरसों का तेल, दलिया, नमक की थैली, बिस्कुट आदि 300 जरूरतमंद परिवारों में बांटा गया। वहीं सभी ने स्वर्गीय फतेहचंद विज को पुष्पांजलि अर्पित की। युधिष्ठिर शर्मा ने फतेह चंद विज की समाज सेवाओं, कर्तव्यनिष्ठा व सराहनीय सेवाओं का वर्णन किया। जनसेवादल के महासचिव चमन गुलाटी ने उन्हें जनसेवा दल के संस्थापक की संज्ञा देकर प्रेरणास्त्रोत बताया। वहीं विधायक प्रमोद विज ने कहा कि स्व. बाऊजी ने परिवार में हमें सेवा धर्म निभाने की राह दिखाई। वह कहा करते थे कि जितना संभव हो जरूरतमंद की मदद अवश्य करनी चाहिए। इसलिए उनकी 23वीं पुण्य तिथि पर 300 परिवारों को राशन वितरित किया गया। इस अवसर पर प्रधान कृष्ण मनचंदा,चमन गुलाटी, युधिष्ठिर शर्मा,कमल गुलाटी, श्याम खुंगर, सूरजभान फौजी,लेखराज जताना, राजू कथूरिया, कैलाश नारंग,कपिल ग्रोवर, अशोक अरोड़ा, यश बांगा, ओम प्रकाश सिंधवानी, नारायण कपूर, जगदीश, रमेश शिगंला ने विधाकय प्रमोद विज व मुख्य अतिथि समाजसेवी अमित डुडेजा सहित सभी अतिथियों का सम्मान किया।

- सभी ने स्वर्गीय फतेहचंद विज को पुष्पांजलि अर्पित की

## संत दर्शन सिंह जी महाराज की बरसी पर लगाई छबील

- संत दर्शन सिंह जी महाराज जी ने नि:स्वार्थ भाव से मानव जाति के लिए काम किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। संत दर्शन सिंह जी महाराज की बरसी पर लगाई ठंडे पानी की छबील में सेवा करते सेवक। फोटो :हरिभूमि

सावन कृपाल रूहानी मिशन कृपाल आश्रम बरसत रोड नूरवाला में संत दर्शन सिंह जी महाराज की 36वीं बरसी पर ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई गई। आश्रम के प्रधान सरदार राजा सिंह ने कहा कि संत दर्शन सिंह जी महाराज ने मनुष्य जीवन के वास्तविक उद्देश्य जो कि अपने आप को जानना और पिता परमेश्वर को पाना है को समझने में हमारी मदद की संत दर्शन सिंह जी महाराज जी ने निःस्वार्थ भाव से मानव जाति के लिए काम किया और हम सब के जीवन को निष्काम भाव से सेवा करने का संदेश दिया। इस अवसर पर उप प्रधान जोगिंदर नरूला, सचिव योगराज,चमन गुलाटी, सतीश सचदेवा, गगन पुनियानी ने सेवा की। वहीं दूसरी छबील सांइ बाबा चौक पर लगाई गई।

## बालिकाओं का भविष्य बनाती है सुकन्या योजना

- माता-पिता को अपनी बेटी के सुरक्षित भविष्य के लिए इस योजना को जरूर अपनाएं
- खाता बेटी के जन्म से 10 साल की उम्र तक खुलवाया जा सकता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

बालिकाओं के उज्जवल भविष्य के लिए सरकार द्वारा अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। इनमें सुकन्या समृद्धि योजना बड़ी ही महत्वाकांक्षी योजना है जो एक तरह से लड़कियों का भविष्य उज्जवल बनाने का काम करती है। यह योजना डाकघरों से जुड़ी हुई है। यह योजना लड़की की पढ़ाई से लेकर विवाह तक सहायक बनती है। माता-पिता को अपने बेटी के सुरक्षित भविष्य के लिए इस योजना को जरूर अपनाना चाहिए।

एडीसी डॉ.पंकज यादव ने बताया कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को गति देने के लिए सरकार द्वारा सुकन्या समृद्धि योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत मात्र 250 रुपये में खाता खोला जाता है।

खाता बेटी के जन्म से 10 साल की उम्र तक खुलवाया जा सकता है। एक वर्ष में कम से कम एक हजार रुपये और अधिक से अधिक एक लाख 50 हजार रुपये खाते में जमा करवा सकते हैं।

## गरीब परिवार समिति ने एसडीवीएम में कराया 2 बच्चों का दाखिला

- पूरे वर्ष की पढ़ाई का खर्च उठाने की घोषणा की
- बच्चों का एडमिशन नौवी और दसवीं कक्षा में करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



एसडीवीएम में बच्चों का दाखिला कराते समिति के सदस्य। फोटो :हरिभूमि

गरीब परिवार सहायता समिति द्वारा आज फिर से 2 गरीब बच्चों को स्कूल में दाखिला कराया गया तथा पूरे वर्ष की पढ़ाई का खर्च उठाने की घोषणा की गई। कशिश और अमन के परिवार वालो ने समिति के सदस्यों से संपर्क किया और बताया की वह अपने बच्चों को पढ़ाने में असमर्थ हैं। जबकि उनके बच्चे आगे पढ़ना चाहते हैं। जिसके बाद समिति ने अपने स्तर पर बच्चों के परिवार की आर्थिक हालात का पता कराया तथा सही पाए जाने पर समिति के सदस्य एसडीवीएम स्कूल में पहुंचे और इन बच्चों का एडमिशन नौवी और दसवीं कक्षा में करवाया।

वहीं समिति ने और एसडीवीएम स्कूल मैनेजमेंट ने बच्चों की पढ़ाई का पूरा खर्च उठाने की भी घोषणा की।



अधिकारियों की बैठक लेते हुए एडीसी डॉ.पंकज यादव। फोटो :हरिभूमि

## संबंधित विभाग दो दिन में करे समस्याओं का समाधान : एडीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

अतिरिक्त उपायुक्त डॉ.पंकज यादव ने जिला सचिवालय सभागार में जनसंवाद और समाधान शिविर में पहुंची समस्याओं के समाधान को लेकर समीक्षा बैठक की व अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए। एडीसी ने कहा कि जिले में आम नागरिक द्वारा दी जा रही समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करना व जिले को शत-प्रतिशत समस्याओं के समाधान की श्रेणी में पहुंचाना है। यह प्रतिशत वर्तमान में 93 है जिसे बढाकर 100 करने के उददेश्य को लेकर कार्य किया जा रहा है। एडीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे क्वालिटी में सुधार करें और जल्द से जल्द इन समस्याओं का समाधान करना सुनिश्चित करें जो समाधान शिविर व जन संवाद कार्यक्रम में आम जन द्वारा दी गई हैं। उन्होंने कहा कि आगामी दो दिन में उनके विभाग से संबंधित पैंडिंग समस्याओं का समाधान करना सुनिश्चित करें।

### मोबाइल वैन गांव-गांव जाकर लोगों को घटते लिंगानुपात के प्रति जागरूक करेगी

# एडीसी ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ मोबाइल वैन को झण्डी दिखाकर किया रवाना

*अभियान का उद्देश्य लोगों में जागरूकता बढ़ाना व घटते लिंग अनुपात में और बढ़ोतरी करना है*

- विभाग ने 57 गांव चयनित किए हैं जहां लिंगानुपात की स्थिति 2015 की तुलना में कमजोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत




पानीपत। मोबाइल वैन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते एडीसी डॉ.पंकज व अन्य। फोटो :हरिभूमि

महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में आज जिला सचिवालय परिसर से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की मोबाइल वैन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. पंकज ने कहा कि यह मोबाइल वैन गांव-गांव जाकर लोगों को घटते लिंगानुपात के प्रति जागरूक करेगी। इस अभियान का उद्देश्य लोगों में जागरूकता बढ़ाना व घटते लिंग अनुपात में और बढ़ोतरी करना है। एडीसी ने कहा कि विभाग ने 57 गांव चयनित किए हैं जहां लिंगानुपात की स्थिति 2015 की तुलना में कमजोर है। इसका कारण शिक्षा की कमी है या कोई और कारण घर-घर जाकर लोगों को जागरूक किया जायेगा। विभाग की इस वैन के माध्यम से घर-घर जाकर लोगों को जागरूक किया जाएगा।

### अभियान 10 दिन तक लगातार चलेगा

इस टीम में विभाग की अधीक्षक व अन्य महिलाएं महिलाओं को घटते लिंगानुपात को लेकर जागरूक करेंगी। यह अभियान 10 दिन तक लगातार जिले में चलाया जाएगा। वहीं महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी परविन्द्र कौर ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम मोबाइल वैन के साथ गांव-गांव जाकर विशेष तौर पर महिलाओं को जागरूक करेंगी और साथ-साथ सरकार की नीतियों का भी प्रचार करेंगी।

**खबर संक्षेप**

### ऑप्रेशन शील्ड के तहत की बैठक, 31 को मॉक ड्रिल

**अंबाला।** अतिरिक्त उपायुक्त डा. ब्रहमजीत सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय में ऑप्रेशन शील्ड के तहत बैठक आयोजित की गई। इस दौरान ऑप्रेशन शील्ड के तहत जो गतिविधियां की जाएंगी उसको लेकर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस मौके पर एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम विनेश कुमार विशेष तौर पर मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि 31 मई को सरकार के दिशा-निर्देशानुसार ऑप्रेशन शील्ड के तहत प्रशिक्षण एवं मॉक ड्रिल एवं सायरन बजने की गतिविधि की जाएगी।

### किसानों को विकसित कृषि संकल्प की दी जानकारी

**अंबाला।** विकसित कृषि संकल्प अभियान का सभी गावों में किसानों द्वारा स्वागत किया जा रहा है। गौरतलब है की देश भर के 700 जिलों में विकसित कृषि संकल्प अभियान 29 मई से 12 जून, 2025 तक चलाया जा रहा है। शुक्रवार को यहां चार टीम गांव फतेहगढ़, भडोग, बहलोली, गगनहेड़ी, कक्कडमाजरा, नुर्द, सपेड़ा, भीलपुरा, रतनहेड़ी, बलाना, बालापुर, बरौली पंहुची। किसानों को उन्नत तकनीकें, नई किस्में, धान की सीधी बुवाई, फसल विविधिकरण, फार्म मशीनरी, प्राकृतिक खेती, पशुओ में टीकाकरण की जानकारी दी।

### बुजुर्ग महिला से युवक कानों की बालियां लेकर फरार

**यमुनानगर।** जानकारी के मुताबिक गांव पाबनी कलां निवासी अभिषेक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत देर शाम साढ़े आठ बजे के करीब उसकी 75 वर्षीय दादी सत्या देवी घेर से दूध लेकर घर जा रही थीं। इस दौरान घर के नजदीक उसे मोटरसाइकिल सवार एक युवक मिल गया। उसने खुद को उनका रिश्तेदार बताया और कहा कि उसे अपनी बहन के लिए कानों की बालियां बनवानी हैं। उसने बुजुर्ग महिला सत्या देवी को बताया कि उनके कानों में जैसी बालियां हैं वैसी ही वह अपनी बहने के लिए बनवाना चाहता है।

ऑब्जर्वेशन होम के किशोर बोले ऑल इज वेल

# हरियाणा राज्य बाल संरक्षण आयोग ने ऑब्जर्वेशन होम के साथ महिला थाने का किया मुआयना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

हरियाणा राज्य बाल संरक्षण आयोग के सदस्य अनिल लाठर व श्याम शुक्ला ने शुक्रवार को अंबाला शहर स्थित ऑब्जर्वेशन होम व महिला पुलिस थाने का अवलोकन किया। यहां पहुंचने पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी ममता रानी व अन्य सदस्यों ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। आयोग के सदस्य अनिल लाठर व श्याम शुक्ला ने न ऑब्जर्वेशन होम का निरीक्षण करते यहां रहने वाले किशोरों की पूरी जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने बच्चों से बातचीत भी की। उन्होंने आयोग के सदस्यों को बातचीत के दौरान बताया कि वे स्टाफ के व्यवहार से खुश हैं। दोनों सदस्यों ने किशारों के कमरों में महापुरूषों के सलोग्न लिखने के लिए कहा ताकि उनके विचारों में बदलाव लाया जा सके। शेल्टर होम में कमरों के बाहर दीवारों पर दीवार घड़ी, काउंसलिंग, योग, पूजा-पाठ के लिए अधीक्षक को निर्देश दिए। इसके पश्चात आयोग के सदस्यों द्वारा महिला थाना का भी निरीक्षण किया गया व व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पोक्सो के केसों की जानकारी के साथ-साथ इन केसों की एक्शन टेकन रिपोर्ट समय पर दी जा रही है उसकी भी समीक्षा की। उन्होंने इस मौके पर यह भी कहा कि बाल विवाह से संबंधित यदि कोई मामाला है तो उसकी तुरंत सूचना पुलिस के साथ-साथ चाइल्ड वेल्फेयर सोसायटी को भी दी जाए ताकि उस केस का फोलोअप करते हुए उसका फीडबैक भी लिया जा सके। इस अवसर पर डीसीपीओ ममता रानी, डीसीडब्लयूओ विश्वास मलिक, होम के अधीक्षक धर्मपाल, सीडब्लयूसी चेयरपर्सन रंजीता, सीडीपीओ सुमन बाला, सीडब्लयूसी सदस्य रेखा शर्मा व खुशपाल सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने इस मौके पर संबंधित अधिकारियों से बाल अधिकार संरक्षण को लेकर सुझाव भी आमंत्रित किए। बैठक के दौरान हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य श्री श्याम शुक्ला ने जिला पुलिस, विशेष किशोर पुलिस इकाई व अन्य स्टेकहोल्डर्स से अब तक किए गए कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी व अन्य विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बाल अधिकार संरक्षण बारे जागरूक करने के निर्देश भी दिए।



**अंबाला।** ऑब्जर्वेशन होम का मुआयना करते सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### पोक्सो के मामलों में हो मजबूत पैरवी

जिला बाल संरक्षण यूनिट के तत्वाधान में शुक्रवार को हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य अनिल कुमार लाठर व श्याम शुक्ला की अध्यक्षता में अंबाला शहर स्थित पुलिस प्रशिक्षण केंद्र के सभागार में बाल अधिकार संरक्षण के दृष्टिगत पोक्सो एक्ट एवं अन्य बाल संरक्षण से जुड़े विषयों को लेकर संबंधित अधिकारियों एवं स्टेकहोल्डर्स की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्यों द्वारा हितधारकों से बाल अधिकार संरक्षण के तहत जिलें मे किए जा रहें कार्यों बारे विस्तार से जानकारी हासिल की और आवश्यक दिशा- निर्देश दिए गए। इस दौरान उन्होंने संबंधित से पोक्सो एक्ट के मामलों की पूरी जानकारी ली। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि पोक्सो एक्ट के तहत मामलों की पूरी मजबूती से पैरवी की जाए ताकि पीडितों को न्याय मिल सकें। उन्होंने पुलिस विभाग से थानों में चाइल्ड-फ्रेंडली रूम बारे जानकारी ली और जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि गुमशुदा बच्चों के मामलों में विशेष सतर्कता बरती जाए। इसके अलावा, रेड लाइट क्षेत्रों व अन्य सवेदनशील स्थानो पर नियमित रूप से निगरानी रखने और बाल मजदूरी एवं अन्य बाल शोषण से जुड़े मामलों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। लाठर ने कहा कि बाल अधिकार संरक्षण व सुरक्षा को लेकर सभी हितधारकों को अपनी जिम्मेदारी का गभीरता से निर्वहन करना चाहिए।



तकनीकी सहायक पूर्ण सिंह को विदाई देते अधिकारी व कर्मचारी।

### तकनीकी सहायक सेवा के बाद हुए सेवानिवृत

**अंबाला।** सूचना, जन संपर्क एवं भाषा विभाग में कार्यरत तकनीकी सहायक पूरन सिंह की सेवानिवृति के उपलक्ष्य में शुक्रवार को डीआईपीआरओ कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमें डीआईपीआरओ धर्मेंद्र शर्मा सहित अधिकारियों, कर्मचारियों सहित परिवार के लोगों ने भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। डीआईपीआरओ धर्मेंद्र शर्मा ने कहा कि तकनीकी सहायक पूरन सिंह का लगभग 34 साल का कार्यकाल बहुत सरहानीय रहा। उन्होंने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री कार्यक्रमों व अन्य प्रशासनिक बैठकों में बेहतरीन कार्य किया है। उन्होंने विभाग में ईमानदारी से अपनी ड्यूटी का निर्वहन करते हुए अपनी अलग पहचान बनाई। पूर्ण ने अपने कार्य के साथ-साथ कार्यालय के अन्य कार्यों में भी रूचि लेकर काम किया है जोकि सराहनीय है।

## नई शिक्षा नीति छात्रों के विकास को देती है प्राथमिकता

### डीएवी पब्लिक स्कूल में सीबीएसई की ओर से कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सीबीएसई के सीओई पंचकूला के तत्वावधान में डीएवी पब्लिक स्कूल अंबाला शहर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर आधारित एक दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का सफल आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में विभिन्न शहरों से आए 58 शिक्षक एवं प्राचार्य सम्मिलित हुए। प्रशिक्षण विशेषज्ञ के रूप में अनुपमा शर्मा, पूर्व प्राचार्या डीएवी सोलन तथा सीबीएसई द्वारा नियुक्त अनुभवी प्रशिक्षक जिन्होंने शिक्षा जगत में चार दशकों से अधिक का योगदान दिया है। डॉ. नीरू अरोड़ा, प्राचार्या गोविंदगढ़ पब्लिक स्कूल (पंजाब) ने कार्यशाला का संचालन किया। दोनों प्रशिक्षकों ने अपने अनुभवों और गहन विषयज्ञान से प्रतिभागियों को समृद्ध किया। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान की देवी मां सरस्वती की वंदना एवं गायत्री मंत्रोच्चारण के साथ दीप प्रज्वलन द्वारा किया गया। कार्यशाला का संपूर्ण संचालन विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राधारमण सूरी की देखरेख में हुआ। उन्होंने दोनों प्रशिक्षण विशेषज्ञों का वैदिक परंपरा अनुसार अभिनंदन किया तथा शॉल भेंट कर आभार प्रकट किया। प्रशिक्षण विशेषज्ञों ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह नीति विद्यार्थियों के समग्र विकास को प्राथमिकता देती है जिसमें लचीलापन, कौशल-आधारित अधिगम, मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान पर विशेष बल है। साथ ही यह नीति शिक्षकों को भी सशक्त बनाते हुए निरंतर प्रशिक्षण एवं नवाचार की दिशा में प्रेरित करती है। मूल्य आधारित शिक्षा, मातृभाषा में शिक्षण, मूल्यांकन की नई रूपरेखा, और जीवनोपयोगी कौशलों का समावेश इसके विशेष अंग हैं। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों ने गहरी रुचि दिखाते हुए संवाद, चर्चा वह विभिन्न क्रियाकलापों में में बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी शिक्षकों ने इस नीति को अपने विद्यालय में प्रभावी रूप से लागू करने की दिशा में नवप्रेरणा प्राप्त की। समापन अवसर पर प्राचार्य डॉ. राधारमण सूरी ने कहा कि यह कार्यशाला न केवल शिक्षकों के ज्ञानवर्धन का माध्यम बनी, बल्कि उन्हें शिक्षा के बदलते स्वरूप को समझने और अपनाने की दिशा में सशक्त मार्गदर्शन भी प्रदान कर सकी।



**अंबाला।** कार्यशाला के दौरान मौजूद शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

## पांच की जान ले चुका तालाब, बरसाती दिनों में ओवरफ्लो होने से घरों में घुस जाता है पानी

- तालाब के पानी से परेशान ग्रामीणों ने एसडीएम को दिया ज्ञापन, कहा पांच साल से नहीं हो पाया समस्या का समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

शुक्रवार को क्षेत्र के गांव फतेहपुर-80 में रहने वाले ग्रामीणों ने एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि उनके गांव के बीच में जो तलाब बना है बारिश के दिनों में उसका पानी गांव की कुछ गलियों में प्रवेश कर जाता है । इसके कारण गलियों में से पानी लोगों के घरों में प्रवेश कर जाता है। पानी का भराव इतना होता है कि बाहर निकलना भी मुश्किल होता है। स्कूल जाने वाले बच्चे भी स्कूल नहीं जा पाते। इसके कारण कई जहरीले जीव-जंतु भी लोगों के घरों में आ जाते हैं। इस गंदे पानी के कारण बीमारियां फैलने का भी अंदेशा बना रहता है। ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि यह दिक्कत पिछले 5 वर्षों से हो रही है। वे कईं बार प्रशासन को अपनी परेशानी से अवगत करा चके हैं लेकिन कोई भी सुधारात्मक कारवाई नहीं हुई। गांव के बीच में होने के कारण इस तलाब में डूबने से 5 लोगों की भी मौत हो चुकी है। आगे भी अनहोनी होने का खतरा लगातार बना रहता है। उन्होंने गुहार लगाई है कि इस समस्या का जल्द समाधान किया जाए। इस दौरान गांव की सरपंच सुनीता देवी , बलवंत कुमार, सुशील कुमार, वीरेंद्र कुमार, हरबंस लाल शर्मा, विनोद कुमार, श्याम लाल, गौरव कुमार, अमरनाथ, पवन कुमार, सतिंद्र, महिपाल, गोदूराम, विकास, विशाल, नरेश कुमार , मदन लाल भी मौजूद रहे।



### पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन और विरासत पर व्याख्यान



**चंडीगढ़।** भारत की सबसे प्रतिष्ठित महिला नेताओं में से एक को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए, राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, चंडीगढ़ ने राष्ट्रवादी थीम "राष्ट्र प्रथम" के अंतर्गत पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन और योगदान पर आधारित दो दिवसीय विशेषज्ञ व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया। पहला व्याख्यान 28 मई 2025 को आयोजित किया गया, जिसमें हरियाणा लोक सेवा आयोग की सदस्य डॉ. ममता यादव ने "पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर का जीवन" विषय पर संबोधन दिया। अपने व्याख्यान में डॉ. यादव ने रानी अहिल्याबाई के जीवन का एक प्रेरक वर्णन प्रस्तुत किया, जिसमें उनकी विनम्र शुरुआत, प्रारंभिक संघर्षों और एक दूरदर्शी शासिका तथा आध्यात्मिक नेता के रूप में उनके उत्कर्ष का उल्लेख किया गया। उन्होंने न्याय, जनकल्याण और समावेशी विकास के प्रति रानी के अटूट समर्पण को रेखांकित करते हुए, करुणा और नैतिक मूल्यों पर आधारित उनके शासन को अनुकरणीय बताया। सत्र का शुभारंभ संस्थान के निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) भोला राम गुर्जर के प्रेरणादायी संबोधन से हुआ। उन्होंने लोकमाता रानी अहिल्याबाई होल्कर की कालजयी विरासत को रेखांकित करते हुए उन्हें एक आदर्श प्रशासक बताया, जिन्होंने मंदिर निर्माण, सामाजिक सेवा और नैतिक शासन के माध्यम से "राष्ट्र प्रथम" की भावना को सर्वोपरि रखा।

## अहिल्या बाई ने संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए हिंदू मंदिरों और धर्मशालाओं का निर्माण करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश पाल नहोनी ने बताया कि 31 मई 2025 को लोक माता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं स्वर्ण जयंती कुरूक्षेत्र स्थित पीपली अनाज मंडी में मनाई जाएगी। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश पाल नहोनी ने इस मौके पर बताया कि 21 से 30 मई तक प्रदेश के विभिन्न जिलों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करके लोकमाता आहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 21 को चंडीगढ स्थित मुख्यमंत्री के आवास पर भी कार्यक्रम का आयोजन करके जयंती मनाई गई है जिसमें काफी संख्या में लोगों ने शिरकत की।

उन्होंने बताया कि लोकमाता आहिल्याबाई होल्कर की 300वीं स्वर्ण जयंती पर कुरूक्षेत्र में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसको लेकर लोगों व समाज में भारी उत्साह है। उन्होंने इस मौके पर लोकमाता आहिल्या बाई की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि लोकमाता आहिल्याबाई होल्कर एक महान शासक, योद्धा और समाजसेवी थी जिन्होंने अपने शासनकाल में मालवा क्षेत्र को स्मृद्धि और सुरक्षा प्रदान की। लोकमाता द्वारा शिक्षा और संस्कृति को बढ़ावा देते हुए हिंदू मंदिरों और धर्मशालाओं का निर्माण करवाया। उन्होंने सती प्रथा के खिलाफ आवाज उठाई, लडकियों की शादी की उम्र बढाने का साहसिक कार्य किया।

लोकमाता आहिल्याबाई ने महिला होकर बेहतर शासन चलकर एक मिसाल भी पेश की है। उन्होंने कहा कि हम सभी को लोकमाता आहिल्याबाई होल्कर के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। उन्होंने कुरूक्षेत्र स्थित पीपली अनाज मंडी में आयोजित स्वर्ण जयंती समारोह में पाल गडरिया समाज के लोगों के साथ-साथ अन्य लोगों को भारी संख्या में पहुंचने के लिए अपील की।



मीडिया से बातचीत करते रमेश पाल नोहनी।



### धान की सीधी बिजाई व प्राकृतिक खेती के बारे किया जागरुक

**कुरुक्षेत्र।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र कुरुक्षेत्र के वरिष्ठ समन्वयक डॉक्टर बलजीत सिंह सहारण की देखरेख में विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 के तहत दो टीम बनाई गई जिससे वैज्ञानिकों तथा किसानों का सीधा संवाद हो सके। टीमों का लक्ष्य जिले के विभिन्न गाँवों में जाकर किसानों को जागरूक करना और उन तक कृषि से संबंधित नई टेक्नोलॉजी को पहुंचाना है। टीम 1 की टीम लीडर डॉक्टर सरिता रानी, जिला विस्तार विशेषज्ञ और टीम 2 की टीम लीडर डॉक्टर कविता जिला विस्तार विशेषज्ञ मृदा विभाग की अगुवाई में दोनों ही टीम ने आज तीन-तीन गांव में जाकर किसानों को खेती-बाड़ी से संबंधित विभिन्न प्रकार की नई तकनीक की वैज्ञानिक जानकारी दी। टीम 1 ने गांव प्रतापगढ़, सिरसला और कनीपला के किसानों को जागरूक किया। टीम 2 ने ऊंटसाल, कलालपुर और इसरगढ़ गांव में जागरूकता की। दोनों ही टीम में कृषि विज्ञान केन्द्र, भारतीय गेहूं और जौ अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों के साथ कृषि एवम किसान कल्याण विभाग, बागवानी विभाग, तथा मत्सय विभाग, तथा अन्य विभाग के अधिकारी भी थे। दोनों ही टीम ने किसानों के साथ संवाद किया। इस दौरान किसानों को धान की सीधी बिजाई, मिट्टी और पानी की जांच, प्राकृतिक खेती के बारे में जागरूक किया गया।

## दो साल से लटके बिल का नहीं हुआ भुगतान जानबूझकर ऑब्जेक्शन लगाने के आरोप

### पीएम व सीएम को शिकायत भेजकर कार्रवाई की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय प्रबंधन पर अनुभवी लोक संगीत व नृत्य शिक्षाविद्ध बुधराम मट्टू ने भुगतान न करने का आरोप लगाया है। उनका आरोप है कि पिछले दो सालों से वे भुगतान को लेकर विश्वविद्यालय अधिकारियों के पास चक्कर काट रहा है। पर अधिकारी बेवजह के ऑब्जेक्शन लगाकर उसका भुगतान लटका रहे हैं। मट्टू ने अब देश के देश के प्रधानमंत्री व प्रदेश के सीएम नायब सैनी से मामले में हस्तक्षेप करने की गुहार लगाई है।

वाल्मीकि परिवार से ताल्लुक रखने वाले बुधराम मट्टू ने बताया कि नवंबर 2023 में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की ओर से एलुमिनी मीट एवं अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नृत्य प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया था। विश्वविद्यालय की ओर से इन नृत्य प्रस्तुतियों की उसे जिम्मेदारी सौंपी गई थी। मट्टू ने बताया कि उस संदर्भ में उन्हें विश्वविद्यालय की ओर से भुगतान किया जाना था। सभी शर्तें पूरी किए जाने के बावजूद अभी तक विश्वविद्यालय प्रबंधन की ओर से उन्हें दो साल से लटके भुगतान की अदायगी नहीं की गई।जबकि वे मौखिक व लिखित तौर पर विश्वविद्यालय के ओएसडी व कुलपति समेत तमाम अधिकारियों को कई बार पत्र लिख चुके हैं।मट्टू का आरोप है कि हर बार उन्हें प्रबंधन की ओर से झूठे आश्वासन ही मिले हैं। मट्टू का यह भी आरोप है कि विश्वविद्यालय प्रबंधन भुगतान को लेकर उन्हें जातीय आधार पर प्रताड़ति कर रहा है। जबकि 2023 व 2024 में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बिलों की सभी को अदायगी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि प्रबंधन की ओर से उनके बिलों पर 9 से दस ऑब्जेक्शन लगाकर लटका दिया गया है।उनके बिलों पर बार-बार आपत्तियां लगाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि यह जांच का विषय है। शिकायत के बावजूद मेरे बिलों पर ऑब्जेक्शन लगाने वाले कर्मचारी व अधिकारियों के खिलाफ अभी तक न तो कोई जांच हुई न ही उन पर कार्रवाई हुई। मट्टू ने कहा कि अब तो सीएम व पीएम से ही इंसाफ मिलने की उम्मीद है।



बुधराम मट्टू।

## नौवीं कक्षा के जसमिन रंधावा ने पेंटिंग प्रतियोगिता में मारी बाजी

- रोड सेफ्टी को लेकर प्रतियोगिता का किया गया आयोजन, आरटीए ने विजेता छात्रों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

रोड सेफ्टी कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल रामपुर सरसेहड़ी में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 9वीं कक्षा से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस मौके पर आरटीए सुशील कुमार ने प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित भी किया। यहां पहुंचने पर स्कूल के प्रधानाचार्य प्रवीन शर्मा व अन्य स्टाफ के सदस्यों ने मुख्य अतिथि पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। आरटीए सुशील कुमार ने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए चित्रों की जमकर सराहना की। कहा कि सडक़ सुरक्षा के नियमों की पालना करना हम सबका दायित्व है । उन्होंने विद्यार्थियों का कहा कि वे स्वयं इन नियमों के प्रति जागरूक रहें और दूसरों को भी इन नियमों की पालना करने बारे प्रेरित करे। उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हैलमेट का प्रयोग अवश्य करें। इसके साथ-साथ मोबाइल फोन चलाते समय कभी भी गाड़ी न चलाएं, सीट बेल्ट का प्रयोग भी करें। उन्होंने कहा कि नियमों की पालना करके हम अपने आप को काफी हद तक सडक़ दुर्घटना का शिकार होने से बच सकते हैं। इस मौके पर प्रधानाचार्य प्रवीन शर्मा ने स्कूल की गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पेंटिग प्रतियोगिता में स्कूल के लगभग 26 विद्यार्थियों ने भाग लिया है।

### स्वस्थ शरीर सभी सुखों की कुंजी है: जय भगवान

**पिहोवा।** गांधीनगर वार्ड एक दो में ओपन जिम स्थापित किया गया। भाजपा नेता जय भगवान शर्मा डीडी और नगर पालिका प्रधान आशीष चक्रपाणि ने इसका उद्घाटन किया। जय भगवान शर्मा ने कहा कि स्वस्थ शरीर सभी सुखों की कुंजी है। पहला सुख निरोगी काया कहावत को चरितार्थ करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा ऐसी सौगात देकर युवाओं को सेहत बनाने के प्रति मोटिवेट किया जा रहा है।

### बच्चों को नियमित रूप से योग करने की प्रेरणा दी : राजबीर सिंह

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर छात्रों ने की योग क्रियाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर योग क्रियाओं का भव्य आयोजन किया गया। यह विद्यालय के लिए गर्व का विषय है कि पूरे जिले में इस विशेष आयोजन की मेज़बानी का अवसर इसी विद्यालय को मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता एवं मुलाना के पूर्व विधायक राजबीर सिंह ने शिरकत की। उनके साथ विशेष अतिथि के रूप में पवन गुप्ता, प्रमोद राणा, जगदीश मेहरा तथा साहिल चावला भी उपस्थित रहे। विद्यालय की प्रधानाचार्या मंजू बाला ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत स्काउट्स एंड गाइड्स कैडेट्स द्वारा अतिथियों को मंच तक सम्मानपूर्वक लाने से हुई। इसके उपरांत अतिथियों को विद्यालय की ओर से पौधे भेंट कर सम्मानित किया गया। मंच संचालन संस्कृत शिक्षक राम प्रसाद ने किया। योगाचार्य कुलदीप सिंह के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को विभिन्न योग मुद्राएं करवाई गईं। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि केवल विद्यार्थी ही नहीं, बल्कि अतिथिगण एवं अध्यापक वर्ग ने भी उत्साहपूर्वक योगाभ्यास किया। कार्यक्रम का उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रति जागरूकता फैलाना और सही योगाभ्यास के प्रति प्रेरित करना रहा। इस अवसर पर डीएवी स्कूल के विद्यार्थियों ने भी योग की अद्भुत और आकर्षक मुद्राओं की प्रस्तुति दी। मुख्यअतिथि राजबीर सिंह ने अपने संबोधन में बच्चों को नियमित रूप से योग करने की प्रेरणा दी और इसके शारीरिक व मानसिक लाभों पर प्रकाश डाला। उप जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रमोद राणा ने भी योग को जीवनशैली में अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम को

